**खबर संक्षेप**

### विदाई से पहले वोट देने मतदान केन्द्र पहुंची दुल्हन



**शहडोल।** जिले के बुढ़ार तहसील के ग्राम बेम्हौरी में गुरुवार की रात कविता साहू की बरात आई थी। शादी की रस्में पूरी होने के बाद शुक्रवार की सुबह दुल्हन बनी कविता ने मंडप से सीधे बूथ क्रमांक 270 आंगनबाड़ी केंद्र क्र.-2 बेम्हौरी पहुंची। कविता ने मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में आहुति दी। मतदान केंद्र पर दुल्हन को देखकर हर कोई हैरान रह गया। दुल्हन के पिता संतोष साहू ने बताया कि विदाई के बाद कविता ने मतदान करने की इच्छा जताई। इस पर उन्होंने दूल्हे पक्ष से बात की, वे भी तैयार हो गएं। ससुराल जाने से पहले कविता ने मतदान किया। इसके बाद विदा होकर ग्राम पड़मनिया शहडोल अपने ससुराल चली गई।

### लीनस क्लब शहडोल ने बच्चों को पढ़ाई के लिये किया प्रेरित



**शहडोल।** लीनस क्लब शहडोल डायमंड द्वारा आज एक नई पहल के साथ बच्चों को स्कूल जाने एवं पढ़ाई के लिए प्रेरित करने के साथ ही ग्राम नरसरहा में जाकर वहां के देवी मंदिर में विधिवत पूजा कर माता रानी को प्रसाद सोहाग का सामान साड़ी, चूड़ी, बिंदी आलता चढ़ाया गया। हरे-हरे जवारे की भी पूजा की गई, इसके पश्चात ग्रामीण वातावरण में कन्या भोज कराया गया, जिसमें भारी संख्या में कन्याएं और गांव के बच्चे एकत्रित होकर प्रसाद ग्रहण किया। कन्या भोज के साथ ही उनके जरूरत की सामाग्रियां भेंट की गई, जिसमें पानी की बोतल, कॉपी, किताब, पेंसिल, रबर, कम्पास, चिप्स, बिस्कुट के पैकेट, चॉकलेट, उपहार स्वरूप में दी गई। इस दौरान अध्यक्ष ली.रिंकी दुबे, सचिव ली .मेघा गुप्ता, कोषाध्यक्ष ली.अंजलि उदानियां, ली. प्रभा मिश्रा, ली. रितु लखोटिया, ली.पुष्पा शर्मा, ली .किरण सिंह, ली.डॉ पूजा दुबे एवं ग्रामीण बहने जिनका भरपूर सहयोग प्राप्त रहा।

### लोकतंत्र के इस महापर्व में क्षेत्र के लोगों ने निभाई अपनी जिम्मेदारी



**शहडोल।** शहडोल लोकसभा सीट का एक मतदान केंद्र काफी सुर्खियों में है,सुर्खियों में इसलिए है कि यहां सुबह सात बजे से शुरू हुई वोटिंग 04 बजे तक काहेत हो गई , शहडोल लोकसभा के पोलिंग बूथ क्रमांक-277 में शाम 04 बजे ही 100 प्रतिशत वोटिंग हो गई। यहां लोगों ने सारे जरूरी काम छोड़कर सबसे पहले वोट डाला और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी जिम्मेदारी निभाई। शहडोल लोकसभा चुनाव की जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र मतदान केंद्र क्रमांक-277 चंदनिया खुर्द के मतदान केंद्र में मतदाताओं ने 100 प्रतिशत मतदान किया है। इस मतदान केंद्र पर 100 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डालकर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाई। लोकसभा चुनाव में पोलिंग बूथ क्रमांक-277 चंदनिया खुर्द में सुबह 07 बजे से मतदान प्रक्रिया जारी रही। लोगों में मतदान को लेकर अलग ही उमंग और उत्साह नजर आया, इस पोलिंग बूथ में सुबह से ही अपने मताधिकार के उपयोग के लिये लंबी कतारों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आये, इसके साथ ही तकरीबन 04 बजे तक इस केंद्र पर 100 प्रतिशत मतदान पूर्ण हो चुका है। शहडोल लोकसभा चुनाव में पोलिंग बूथ क्रमांक-277 में शत प्रतिशत मतदान हुआ है। कुल 337 मतदाताओं में 159 पुरुष और 178 महिला मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया, चंदनिया खुर्द के मतदाताओं ने ही वोट डालकर 100 प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपनी भूमिका निभाई।

## मतदान की गति रही धीमी, मानपुर के गजरहा में शत प्रतिशत मतदान

# लोकसभा चुनाव में हुआ 60. 4 फीसदी मतदान

लोकसभा चुनाव के लिए 19 अप्रैल को मतदाताओं ने अपने पसंद के प्रत्याशी का चुनाव करने ईव्हीएम का बटन दबाया। इस बार चुनाव में 10 प्रत्याशी मैदान में हैं। जबकि मुख्य मुकाबला भाजपा प्रत्याशी हिमाद्री सिंह व कांग्रेस प्रत्याशी फुंदे लाल ङ्कषसह के मध्य है।

शहडोल।





सुबह 7 बजे से शुरू हुआ मतदान शाम 6 बजे तक चला। निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार शाम 5 बजे तक कुल 17. 76 लाख मतदाताओं में से 10 लाख 66 हजार मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जो कि कुल संख्या का 60. 4 प्रतिशत है। उमरिया के मानपुर क्षेत्र के एक बूथ में शत प्रतिशत मतदान होने की जानकारी मिली। शहडोल जिले में लगभग 60 प्रतिशत, अनूपपुर जिले में लगभग 60 फीसदी और उमरिया जिले में 57. 5 फीसदी मतदान हुआ। मतदान प्रातः 7 बजे प्रारंभ हुआ। शाम 5 बजे के बाद जो मतदान हुआ उसकी जानकारी समाचार लिखे जाने तक अप्राप्त रही।

### सुबह से लगीं कतारें

सुबह से ही मतदान केन्द्रों में कतारें लगनी शुरू हो गई थी। प्रातः11 बजे तक मतदान तेजी के साथ हुआ, लेकिन दोपहर जैसे-जैसे धूप के साथ गर्मी बढ़ने लगी तो मतदान की गति भी धीमी पड़ गई। अपरान्ह 3 बजे के बाद मतदान ने फिर जोर पकड़ा। क्षेत्र की सभी आठ विधानसभा से 2199 मतदान केंद्रों में मतदान सम्पन्न किया गया। ज्ञातव्य है कि पिछले बार बीजेपी प्रत्याशी हिमाद्री सिंह को 60. 39 प्रतिशत वोट मिले थे। वोटों की संख्या थी 7 लाख 47 हजार 977 थी। जबकि कांग्रेस की प्रमिला सिंह 27. 83 प्रतिशत वोट मिले थे। उनके वोटों की संख्या 3 लाख 44 हजार 644 वोट मिले थे। इस बार ऊंट किस करवट बैठता है यह देखना है।

### विधानसभा वार मतदान प्रतिशत

शहडोल संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कुल 8 विधानसभाओं में संपन्न हुए मतदान का प्रतिशत इस प्रकार रहा- अनूपपुर में 63.31, कोतमा 59.12 प्रतिशत, जैतपुर में 62.91 प्रतिशत जयसिंहनगर क्षेत्र में 64.66, पुष्पराजगढ़ 63.02, बड़वारा 56.48 प्रतिशत, बांधवगढ़ में 59.20 प्रतिशत तथा मानपुर में 55.90 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। ज्ञातव्य है कि इस बार के चुनाव में मतदान की गति धीमी रही।

### हर मतदाता ने डाला वोट

उमरिया जिले के मानपुर विधानसभा के पोलिंग बूथ क्रमांक 95 गजरहा में 311 में 311 मतदाताओं ने वोट डाले हैं। पोलिंग बूथ क्रमांक 373 में 373 पोलिंग बूथ क्रमांक 278 कुनकुनी में 238 मतदाताओं में से 237 ने वोट कास्ट किया है, यहां एक मतदाता की हाल ही में मृत्यु हो गई थी। इसके अलावा 312 कुसुमहा कला 441 में 441 ,149 पिपरी टोला में 298 में 298 , मतदान केंद्र क्रमांक सेमरी 105 में 373 में से 373 मतदाताओं ने मतदान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा जिले में शत प्रतिशत मतदान कराने पूर्व में स्वीप गतिविधियों के तहत कई तरह के नवाचार किए गए थे। ये सभी मतदान केंद्र शहडोल संसदीय क्षेत्र के 90 मानपुर विधानसभा क्षेत्र के है।

### कांग्रेस प्रत्याशी फुंदेलाल मार्को ने डाला वोट

शहडोल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी फुन्देलाल सिंह मार्को अपने परिवार के साथ मतदान करने पहुंचे। मतदान के बाद फुंदेलाल मार्को ने जनता से मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत के लोकतंत्र का महापर्व है. मतदाताओं से अपील करना चाहता हूं कि अपने मताधिकार का प्रयोग करें। ताकि इस देश में एक अच्छे सरकार गठन में सहभागिता हो. सभी को न्याय रोजगार स्वास्थ्य की सुविधा सर्वांगिक विकास के दिशा में हम आगे बढे। मतदाता इस देश के भाग्य विधाता है। मैं मानता हूं कि सभी लोगों को अपने-अपने पोलिंग बूथ में जाकर मतदान करना चाहिए. जिससे अच्छे सरकार का गठन हो सके।

### कैबिनेट मंत्री दिलीप जायसवाल ने किया मतदान

मध्य प्रदेश सरकार में कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने अपने गृह नगर में परिवार सहित मतदान किया। मंत्री दिलीप जायसवाल ने पत्नी अर्चना जायसवाल के साथ अनूपपुर जिले के बिजुरी कस्बे में पहुंच कर वार्ड नं-10 में स्थित शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय के मतदान केन्द्र क्रमांक 50 में मतदान किया। अनूपपुर जिले के अंतिम छोर पर स्थित बिजुरी कस्बा मंत्री दिलीप जायसवाल का गृह नगर भी है।मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा देश की समृद्धि देश के विकास के लिए मतदान किया है।

### कमिश्नर ने कंट्रोल रूम, वेब कास्टिंग तथा कम्युनिकेशन टीम के कार्यों का लिया जाएगा



**शहडोल।** लोकसभा निर्वाचन के लिये कमिश्नर बी.एस. जामोद एवं एडीजीपी डी. सी. सागर ने अनूपपुर लोक सभा निर्वाचन मतदान को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय में बनाए गए निर्वाचन कंट्रोल रूम, वेब कास्टिंग रूम तथा कम्यूनिकेशन टीम के कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर श्री जामोद ने मतदान केंद्रों की निगरानी, चेक पोस्टों की निगरानी वेबकास्टिंग तथा विधानसभावार मतदान प्रतिशत के प्रगति के संबंध में अनूपपुर जिले के कोतमा अनूपपुर एवं पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के टीम से जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह पवाँर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री तन्मय, वशिष्ठ शर्मा, संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, सहायक कलेक्टर महिपाल सिंह गुर्जर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थें।

### कमिश्नर व एडीजीपी ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**शहडोल।** कमिश्नर बी.एस. जामोद एवं एडीजीपी डी.सी. सागर ने लोकसभा निर्वाचन हेतु शुक्रवार को जिले के शासकीय प्राथमिक विद्यालय धुरवार, शासकीय प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन, पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय, रघुराज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल, शासकीय प्राथमिक विद्यालय जमुई में बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने मतदान करने आए मतदाताओं से चर्चा की तथा प्रदाय किए जा रहे सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो सभी सुविधाएं उपलब्ध रहे, दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को लाने वाले जाने हेतु वाहन भी उपलब्ध हो। कमिश्नर श्री जामोद ने संभाग के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि आज लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागिता निभाने हेतु अपने घरों से निकले और मतदान केंद्र जाकर शत-प्रतिशत मतदान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मतदान करने आए मतदाताओं के साथ सेल्फी लेकर उत्साहवर्धन भी किया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश सहित अन्य अधिकारी साथ रहें।

# प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के बाद हुआ मतदान

शहडोल।

एसईसीएल सोहागपुर धनपुरी एरिया के अंतर गत रामपुर बेलिया के किसानों के द्वारा बहिष्कर की सूचना लगातार आवेदन पत्र के माध्यम से सूचना दी गई, उसके बाद भी प्रबंधन और प्रशासन दोनों में ध्यान नहीं दिया गया, यह जनकारी जानकारी भूपेश शर्मा देते हुए वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता श्री शर्मा ने बताया सुबह 07 बजे से पूरा गांव सभी साथियों ने मतदान बहिष्कार के लिए ऐलान किया, क्योंकि गांव में चारो तरफ से रास्ता अच्छा रहता होने की वजह से कुछ मतदान सुबह ही पड़ गए, इसके बाद किसानों ने नाराजगी जाहिर करते हैं लोगों से बातचीत कर अपनी हित की लड़ाई हम सब लड़ेंगे, जब तक कोई सक्षम प्रशासन के अधिकारी नहीं आते हैं, तब तक मतदान नहीं करेंगे, सुबह से कई बार डिप्टी कलेक्टर एसडीम तहसीलदार जोनल और सेक्टर के अधिकारी पहुंच कर बात करने का प्रयास किया, लेकिन किसानों के द्वारा कहा गया कि कलेक्टर की उपस्थिति में बातचीत के पश्चात ही मतदान होगा, नहीं तो मतदान नहीं करेंगे बाद में दोपहर 01 बजे के आसपास कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सहित पूरे प्रशासन के टीम आकर किसानों से वार्तालाप किया, आश्वासन दिया कि जैसे ही चुनाव का आचार संहिता समाप्त होगा, उसके तत्काल बाद ही गांव में चौपाल लगाकर जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन करेंगे और समस्या का समाधान करेंगे। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक दोनों के अथक प्रयास से ग्राम प्रतिनिधियों की मदद से मतदान प्रारंभ किया, शाम होते-होते 40 प्रतिशत से ऊपर मतदान हुआ। बहिष्कार के प्रभाव के कारण जहां 55 से 60 प्रतिशत मतदान लोकसभा में हुआ था, इस बार हम 40 प्रतिशत में ही संतोष कर रहे हैं, आने वाले समय में श्री शर्मा का कहना है कि हम ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आगे जाकर हम जन आंदोलन करने के लिए बात करेंगे। जन आंदोलन में हम लोग जिला प्रशासन के दरवाजे में या एसईसीएल महाप्रबंधक के दरवाजे में बैठेंगे, नहीं तो नेशनल हाईवे में बैठेंगे, क्योंकि हमको कानून की बहुत जानकारी नहीं होती है कि हम अहिंसात्मक आंदोलन करेंगे, सड़क के किनारे बैठेंगे और हमको 3.30 करोड़ की नोटिस पकड़ा दी जाएगी, इसलिए खदान को प्रभावित है ना करते हुए हम कार्यालय के मुखिया के दरवाजे पर बैठकर कार्यालय को प्रभावित करेंगे, केवल रामपुर ही नहीं बल्कि वेलिया और पड़रिया, गिरवा के साथ-साथ कुछ अन्य गांव में भी किसान नाराज होकर अपने स्थानीय समस्याओं को लेकर समाधान के रास्ते जाने के लिए अपनी मांग पत्र जिला प्रशासन को पूर्व में दे चुके थे, जिला प्रशासन एवं तहसील प्रशासन ने ज्ञापन को मांग पत्र को नजरअंदाज कर दिया, जिसके परिणाम स्वरूप आज खामियाजा भुगतना पड़ा, आने वाले समय में इस क्षेत्र के किसान मजदूर एकता का परिचय देते हुए शांतिपूर्वक तरीके से क्षेत्र के सभी लोग एक साथ बड़ा आंदोलन करने की रूपरेखा बना रहे हैं। अगर यह प्रेस के माध्यम से जानकारी मिली और ध्यान नहीं दिया गया को आने वाले समय में किसान आंदोलन दिल्ली का उदाहरण रामपुर, पहाड़यिा, गिरवा के किसान दे सकते हैं जिसकी समस्या जवाबदारी शासन-प्रशासन के होगी।



# सादे कागज पर बिक रही सरकारी जमीन औषधालय बंद होने की कगार पर

## ग्राम पंचायत में जनसमस्याओं का लगा अम्बार, सरपंच व सचिव उदासीन

शहडोल।

ग्राम पंचायत कल्याणपुर संभाग मुख्यालय से जुड़ी होने के बावजूद विकास से दूर अव्यवस्थाओं और धांधलियों का शिकार है। पंचायत में जहां सचिव और पटवारी की जुगलबंदी सरकारी जमीनों का सौदा करा रही है, वहीं पंचायत विकास की दौड़ में भी फिसड्डी साबित हो रही है। यहां का आयुर्वेद औषधालय अव्यवस्थाओं के कारण बंद होने की कगार पर पहुंच गया है। उपसरपंच व ग्रामीण बार बार प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करा रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यहां की महिला सरपंच व महिला सचिव दोनो ही उदासीन और कर्तव्य विमुख हैं। पंचायत में समस्याओं का अम्बार लगा हुआ है लेकिन उसके समाधान के उपाय नहीं किए जा रहे हैं। ग्रामीण परेशान हैं, बताया जाता है कि यहां साल दर साल समस्याएं बढ़ती जा रहीं हैं और क्षेत्र को विकास की राह पर ले जाने वाली पंचायत उदासीन है। हैरानी की बात यह है कि यहां के रहवासियों को शासकीय योजनाओं का भी पर्याप्त लाभ नहीं मिल पा रहा है। प्रधानमंत्री आवास के लिए आज भी यहां दर्जनों लोग भटक रहे हैं।

### जमीनों का हो रहा सौदा

ग्रामीणों का कहना है कि कल्याणपुर में सरकारी जमीनों का काफी लम्बा रकबा था, इसमें श्मशान घाट और चरागन भूमिया, निस्तारी रास्ते तो थे ही निर्जन भूमि भी थी। धीरे-धीरे इधर कुछ वर्षों में इस भूमि पर कब्जा किया गया और झोपड़यिां बना ली गईं। बाद में ग्रामपंचायत और पटवारी से साठगांठ कर इसका पट्टा बनवा लिया गया। कुछ ऐसी भी जमीने रहीं जिन्हे मुख्यमंत्री झुग्गी झोपड़ी आवास योजना के तहत अधिकार पत्र प्रदान कर दिया गया। अब स्थिति यह है कि इन आवासों के स्वामी एक सादे कागज में लिखा पढ़ी कर बेच रहे हैं और अन्यत्र जाकर बस रहे हैं। लोग सादे कागज की लिखा पढ़ी पर लाखों का खेल खेल रहे हैं। जमीने बिक रहीं हैं और ग्रामपंचायत के सचिव व सरपंच तथा हलका पटवारी चुप्पी साधे बैठे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इन्ही के सहयोग से ऐसी सौदेबाजियां हो रहीं हैं।

### नल योजना काम नहीं आ रही

ग्रामपंचायत कल्याणपुर में नल जल योजना एक माह पूर्व ही संचालित हुई है लेकिन यह अधिक सफल नहीं है। योजना नाममात्र को चालू होती है और फिर बंद हो जाती है। टंकी का पानी लोगों के घरों तक समुचित रूप से नहीं पहुंच रहा है। कभी सप्लाई चालू होती है तो कभी नहीं होती है। योजना से सारे गांव को जोड़ना था लेकिन इसकी सप्लाई अभी कुछ ही घरों तक सीमित है। पीएचई ठेकेदार द्वारा पाइप लाइने नहीं बिछायी जा रहीं हैं। सचिव द्वारा उस पर दबाव भी नहीं डाला जा रहा है। कुछ हैण्डपंप हैं जो आज भी यहां पानी के लिये मुख्य सहारा हैं कई हैण्डपंप एक अर्से से बंद पड़े हैं। गर्मी के दिनों में हर साल पानी की किल्लत होती है इस बार भी यही स्थिति निर्मित होती प्रतीत होती है।

### प्रकाश व्यवस्था सुचारू नहीं है

पंचायत शहर से लगी हुई है, यहां कई कार्यालय व स्कूलें संचालित हैं। लेकिन रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं है। कुछ जगह स्ट्रीट लाइट लगी है, कुछ जगह आज तक नहीं लग पायी है। जहां प्रकाश व्यवस्था की गई है वहां की लाइटें महीने में कुछ दिन जलती हैं और कुछ दिन बंद रहतीं हैं। जलती स्ट्रीट लाइटें भी आंख मिचौनी करतीं हैं। ग्रामीणों ने कई बार सचिव से कही कि विद्युत व्यवस्था को सुधारा जाए लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। इसके अलावा यहां बिजली की कटौती भी होती है। पंचायत को ग्रामीण एरिया के फीडर से जोड़ा गया है। जिसके कारण लोगों को बिजली के संकट से जूझना पड़ता है।

### औषधालय में दवाएं नहीं

कल्याणपुर में एक आयुर्वेद औषधालय संचालित है लेकिन वहां डाक्टर हफ्ते, 15 दिन में कभी कभार आते हैं और ड्यूटी के नाम पर कुछ समय बिता कर लौट जाते हैं। इस अस्पताल में एक अर्से से दवाओं का टोंटा चल रहा है। चूंकि इस अस्पताल में न डाक्टर रहते हैं और न दवाएं मिलतीं हैं इसलिए अब रोगियों की संख्या यहां नाममात्र की रह गई है। लोग शहडोल जाकर इलाज कराते हैं। कल्याणपुर अस्पताल की हालत दिनोदिन खस्ता होती जा रही है। इस अस्पताल में निस्तार की भी कोई सुविधा नहीं है। भवन की मरम्मत और रखरखाव वर्षों से नहीं हुआ। दवाएं रखने के लिए न आल्मारियां हैं और न कमरा। अधिकांश दवाएं फर्श पर रखी रहतीं हैं जिन्हे चूहे कुतरते रहते हैं।

# मतदान करने के लिए मतदाताओं का जताया आभार

शहडोल।

लोकसभा चुनाव में मतदान 19 अप्रैल को संपन्न होने के बाद भाजपा प्रत्याशी श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा कि चुनाव के बाद क्षेत्र की सभी जनता उनके लिए समान है। उन्होंने मतदाताओ का किए गए सहयोग के लिए आभार जताया। साथ ही कहा कि व्यस्तता और क्षेत्र बड़ा होने के कारण जिन मतदाता परिवार तक नहीं पहुंच पाई उनके पास आने वाले समय में जरूर पहुंचेंगी। संसदीय क्षेत्र के सभी मतदाताओं ने समर्थन दिया। इस वजह से किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा। श्रीमती सिंह ने कहा कि चुनाव संपन्न हो चुके है। अब उनका पूरा ध्यान संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए रहेगा। बीजेपी ने घोषणा पत्र में जो वायदे किए गए हैं उसका शत-प्रतिशत क्रियान्वयन करने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

### लोगों ने जताई निष्ठा



श्रीमती सिंह ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने धन बल को परास्त करते हुए जनबल का सहयोग किया। श्रीमती सिंह ने कहा कि कांग्रेसियों द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम की ओर मतदाताओं ने भी ध्यान नहीं दिया। इस वजह से लोकसभा के प्रत्येक क्षेत्र से उन्हें भरपूर समर्थन मिला, जिसके लिए सभी का आभार। श्रीमती सिंह ने कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गए इसका श्रेय कार्यकर्ताओं सहित आम लोगों को जाता है। भाजपा प्रत्याशी श्रीमती हेमाद्री सिंह ने मतदान शांतिपूर्वक संपन्न कराने हेतु चुनाव आयोग को साधुवाद दिया।

### नरेन्द्र मोदी का दिखा प्रभाव

उन्होंने यह भी कहा कि शुरुआती चुनावी रूझानों से यह बात साफ पता चलती है कि शहडोल ही नहीं बल्कि पूरे एमपी और अन्य हिंदी भाषी प्रदेशों के मन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भी बसे हैं। इन राज्यों में बीजेपी का कोई स्थानीय नेता तो थे ही साथ ही नरेंद्र मोदी ही सबसे बड़ा और सर्वमान्य चेहरा थे, उन्हीं के नाम पर प्रचार हो रहा था और वोट मांगे जा रहे थे। यहां तक की क्षेत्र की जनता से किये गए वादों को भी 'मोदी की गारंटी' कह कर प्रचारित कराया गया। इसलिए, यह साफ कहा जा सकता है कि लोगों ने मोदी के नाम पर वोट किया।

### कमिश्नर और एडीजीपी ने पेश की मानवीयता, घायल व्यक्ति को भिजवाया स्वास्थ्य केंद्र



**शहडोल।** कमिश्नर बी. एस. जामोद, पुलिस उप महानिदेशक डी.सी. सागर ने मानवीयता दिखाते हुए अनूपपुर जिले के भ्रमण के दौरान खैरहा और करकटी के मध्य छिरहटी के पास सड़क दुर्घटना में घायल पड़े व्यक्ति को अपने वाहन से उपचार हेतु उप स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ार भिजवाया तथा स्वास्थ्य के संबंध में हाल चाल पूछा। गौरतलब है कि आज लोकसभा निर्वाचन हेतु मतदान प्रक्रिया का कमिश्नर बी. एस. जामोद, पुलिस उप महानिदेशक डी.सी. सागर ने अनूपपुर जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने जा रहे थे।



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



**उमरिया।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदान 19 अप्रैल को जिले की दोनो विधानसभा क्षेत्र -89 बांधवगढ एवं-90 मानपुर में मतदान संपन्न हुआ। मतदान केन्द्रों का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर हो रहे मतदान का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के जूनियर हाई स्कूल भवन कुदरीटोला मे बनाये गये मतदान केंद्र क्रमांक 214, शासकीय प्राथमिक शाला भवन बन्नौदा मे बनाये गये मतदान केंद्र क्रमांक 237, शासकीय उमावि भवन करकेली मे बनाये गये मतदान केंद्र क्रमांक 197 करकेली, शासकीय माध्यमिक विद्यालय भवन करकेली पश्चिमी भाग के 198 करकेली, विधानसभा क्षेत्र मानपुर के मलियागुडा के मतदान केंद्र क्रमांक 271,272,273 एवं 274 का औचक निरीक्षण किया गया जहां शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न होना पाया गया।

### सड़क दुर्घटना में अधेड़ घायल



**उमरिया।** जिले में मतदान ड्यूटी के लिये जा रहे कर्मचारी की स्कूटी अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे मतदानकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कर्मचारी को जिला अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती कराया गया। जहां से उसे जबलपुर रेफर कर दिया गया। पिपरिया कोयला खदान में पम्प ऑपरेटर के पद पर कार्यरत लल्लू लाल राय उम्र 55 वर्ष चुनाव ड्यूटी के लिये पॉलिटेक्निक कॉलेज उमरिया आ रहे थे, उमरिया के कचरवार रोड के ब्रेकर पर स्कूटी अनियंत्रित हो गई, लल्लू लाल राय के हाथ, सिर पर चोट आई। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर कर दिया गया है।

### माई नदी के पुनर्जीवन के संबंध में निगमायुक्त ने आहूत की बैठक

**कटनी।** माई नदी के पुनर्जीवन के संबंध में जिला कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशानुसार आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई जिसमें नदी के क्षेत्र का स्थल निरीक्षण कर नदी की सफाई, पानी एकत्रित किए जाने हेतु आवश्यकतानुसार पूर्व से निर्मित स्टॉपडेमो की मरम्मत आदि कार्यों के संबंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान नगर पालिक निगम कटनी के प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा प्रभारी सहायक यंत्री सुनील सिंह, उपयंत्री जेपी सिंह बघेल एवं मृदुल श्रीवास्तव की उपस्थित रही।

### 10 कर्मियों द्वारा उपस्थिति दर्ज नहीं करने पर जारी किया नोटिस

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर पांच उपार्जन केन्द्रों के 10 शासकीय कर्मियों द्वारा उपार्जन केंद्रों का भ्रमण नहीं करने और सार्थक एप्लीकेशन में उपस्थिति दर्ज नही करनें पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। समर्थन मूल्य में गेहूं उपार्जन केन्द्र में एफ ए क्यू मापदण्ड अनुसार खरीदी प्रारंभ होने के बाद भी उपार्जन केन्द्र कचनारी, ढीमरखेड़ा, सिलौड़ी, विपणन उमरियापान एवं बचौया उपार्जन केन्द्र में नियुक्त नोडल अधिकारियों द्वारा उपार्जन केन्द्र का भ्रमण नहीं करनें तथा सार्थक एप्लीकेशन में उपस्थिति दर्ज नही करनें पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जिन दायित्वाधीन नोडल अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया है।

---

### मतदान प्रारंभ होने के पूर्व ही केन्द्रों में लग गई थी मतदाताओं की कतारें

# लोकसभा निर्वाचनः जिले में मतदाताओं में रहा मतदान के लिए रहा भारी उत्साह

**उमरिया।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए उमरिया जिले के 585 मतदान केन्द्रों में 19 अप्रैल को मतदान संपन्न हुआ। मतदान प्रातः 07 बजे से प्रांरभ होना था। मतदान केन्द्रों में मतदान प्रारंभ होने के पूर्व ही मतदाताओ की लंबी-लंबी कतारे लग गई थी। महिला, पुरूष, वरिष्ठ जन तथा युवा मतदाता में मतदान के लिए काफी उत्साह देखने को मिल रहा था। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह के मार्गदर्शन में चलाये गये स्वीप अभियान का प्रभाव मतदान केन्द्रों में देखने को मिला।





मतदान केन्द्रों को हरित मतदान केन्द्र तथा गुलाबी रंग के तोरण द्वारों से सजाया गया था। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओ के लिए छाया की व्यवस्था, पानी की व्यवस्था, रैंप, शौचालय आदि की व्यवस्था सुलभ कराई गई थी। वरिष्ठ मतदाताओं को उनके परिवार जन मतदान केंद्र तक ला रहे थे। मतदान केन्द्र में वरिष्ठ जनों, दिव्यांगों के लिए ट्रायसिकिल की व्यवस्था भी की गई थी। जिला प्रशासन द्वारा 40 मतदान केन्द्रों को शत प्रतिशत मतदान के लिए चुना गया था। पूरे जिले भर मे जिला प्रशासन द्वारा चलाये गये स्वीप अभियान का इतना असर था कि हर गांव का हर मतदाता अपने मतदान केंद्र मे शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए स्वयं प्रयासरत थे। मानपुर विधानसभा क्षेत्र के मलियागुडा मतदान केंद्र में विद्या भारती विद्यालय में चार मतदान केंद्र 271, 272, 273 एवं 274 बनाये गये थे। इस मतदान केंद्र में ताप विद्युत केंद्र कालोनी की महिलाओं ने अर्चना मालवीय के मार्गदर्शन में विभिन्न तरह की गतिविधियां आयोजित करके पूरे जिले को उदाहरण बना दिया। मतदाता जागरूकता के कार्य में सेक्टर आफीसर जिला खनिज अधिकारी फरहद जहां ने भी प्रमुख भूमिका निभाई। कालोनी की महिलाएं गुलाबी कलर के परिधानों में एक साथ ढोल-ढमाके बजाते हुए मतदान केंद्र पहुंची। इतना ही नही मतदान केंद्र के बाहर बनाये गये सुविधा केंद्र के पास नुक्कड नाटक करके अन्यआ मतदाताओ को मतदान करने हेतु प्रेरित किया । स्वीप अभियान का व्योपक असर अन्य मतदान केन्द्रो में भी देखने को मिला। मानपुर विधानसभा क्षेत्र के हथपुरा मतदान केंद्र क्रमांक 310 में विशेष पिछडी जन जाति बैगा की महिला मतदाता परंपरागत वेशभूषा में एक साथ मतदान केन्द्र पहुंची। मतदान करने के पश्चात उन्होंने परंपरागत नृत्य करके लोकतंत्र के सबसे बडे पर्व का उत्सव मनाया। जिला मुख्यालय के मतदान केंद्र क्रमांक 136 शासकीय माध्यमिक विद्यालय कन्या कैम्प में रिटायर्ड शिक्षिका चित्रा स्वाामी उम्र 88 वर्ष ने अपने बेटे देवानंद स्वामी के साथ पहुंचकर मतदान किया। जिला मुख्यालय के मतदान केंद्र क्रमांक-136 शासकीय माध्यमिक विद्यालय कन्या कैम्प में नेत्र से दिव्यांग नितिन बर्मन पिता चंद्रोदय बर्मन उम्र 20 वर्ष निवासी कैंप ने मतदान किया।

### कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक ने किया मतदान





**उमरिया।** शहडोल संसदीय क्षेत्र 12 अजजा के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले की दो विधानसभा क्षेत्र-89 बांधवगढ एवं 90 मानपुर विधानसभा क्षेत्र में संपन्न हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन धरणेन्द्र कुमार जैन ने केंद्रीय विद्यालय के मतदान केंद्र क्रमांक-139 में मतदान किया। पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने मतदान केंद्र क्रमांक-117 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कॉलरी में मतदान किया।

### सायं 5 बजे तक 57.5 रहा मतदान का प्रतिशत

**उमरिया।** लोकसभा निर्वाचन के लिये उमरिया जिले में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार माकपोल संपन्न करने के पश्चात जिले के दोनो विधानसभा क्षेत्रों क्रमशः 89 बांधवगढ़ एवं 90 मानपुर के लिए मतदान प्रातः 7 बजे प्रारंभ हुआ। सुबह से ही मतदान केन्द्रों में लंबी लाईने लग चुकी थी। प्रातः 11 बजे तक मतदान तेजी के साथ हुआ, लेकिन दोपहर में जैसे-जैसे धूप से गर्मी बढ़ने लगी तो मतदान की गति भी धीमी होती गई। अपरान्ह 3 बजे के बाद मतदान ने फिर जोर पकड़ा। सायं 5 बजे तक जिले में 57.5 प्रतिशत मतदान हुआ। जिले में प्रथम दो घंटो में प्रातः 9 बजे तक 89 बांधवगढ़ में 12.99 प्रतिशत, 90 मानपुर में 14.77 प्रतिशत मतदान हुआ, कुल मतदान प्रतिशत 13 रहा। प्रातः 11 बजे तक 89 बांधवगढ़ में 28.90 प्रतिशत, 90 मानपुर में 26.02 प्रतिशत मतदान हुआ, कुल मतदान प्रतिशत 27.46 रहा । मध्यान्ह 01 बजे तक 89 बांधवगढ़ में 40.5 प्रतिशत, 90 मानपुर में 37 प्रतिशत मतदान हुआ। कुल मतदान प्रतिशत 38 रहा। मध्यान्ह 3 बजे तक 89 बाँधवगढ़ में 48.05 प्रतिशत तथा 90 मानपुर में 44.7 रहा। कुल मतदान का प्रतिशत 46.6 रहा। सायं 5 बजे तक 89 बाँधवगढ़ में 59.2 प्रतिशत तथा 90 मानपुर में 55.9 प्रतिशत रहा। कुल मतदान का प्रतिशत 57.5 रहा।

---

## प्रगति लेखक संघ ने किया नवरात्रि और ईद मिलन समारोह का आयोजन











**जमुना/बदरा।** भालूमाड़ा में हिंदू मुस्लिम भाईयों ने अपने प्यार और सदभाव से गंगा जमुना तहजीबी की मिसाल कायम करते हुए एक दूसरे को ईद-उल-फितर और नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में मुबारकबाद और बधाई दी और सेंवई और शाकाहारी भोजन का मजा लिया। कार्यक्रम का संचालन यासिन खान के घर पर आयोजित किया गया जिसमें स्थानीय गायक कलाकार कवि मुशायरा के कलाकारों ने बढ़-चढ़कर अपने अपने धुन से लोगों के मन को जीत लिया कार्यक्रम में यासिन खान, अफजल खान, अनुराधा गहरवार, दिवेश गहरवार, मोहम्मद सफी, मोहम्मद खलिक, राजेन्द्र सिंह, पत्रकार साथियों में लतीफ अहमद सिद्दीकी, सुरेश शर्मा, संतोष चौरसिया, दिवाकर विश्वकर्मा, कैसर अली, फैज मोहम्मद, कुमारी सुषमा, राहुल, शिव, केके सोनी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।









## परीक्षा नियंत्रक ने विश्वविद्यालय परीक्षा की घोषित की रूपरेखा

**शहडोल।** पंडित एसएन शुक्ल विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. एम.के. भटनागर ने जानकारी देते हुए बताया है कि उच्च शिक्षा मंत्रालय के पत्र क्रमांक 874/ 88 / सीसी/ 22/ 38 भोपाल दिनांक 4 नवंबर 2022 के तारतम्य में पंडित एस. एन. शुक्ल विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति के द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार सत्र 2021-22 के पूर्व स्नातक प्रथम, द्वितीय वर्ष एवं स्नातक द्वितीय/ चतुर्थ सेमेस्टर में उत्तीर्ण/ पूरक विद्यार्थियों को क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय वर्ष एवं तृतीय और पंचम सेमेस्टर में नियमित प्रवेश प्रदान करके परिशिष्ट वन (14- ए) एवं परिशिष्ट 2 (14- बी) के अनुसार परीक्षा का आयोजन किया जाएगा जबकि स्वाध्यायी स्नातक प्रथम-द्वितीय वर्ष एवं स्नातक द्वितीय, चतुर्थ सेमेस्टर में उत्तीर्ण-पूरक विद्यार्थी पुरानी परीक्षा पद्धति से परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।यदि कोई नियमित विद्यार्थी स्वाध्यायी परीक्षा के रूप में सम्मिलित होना चाहता है तो यदि वह सेमेस्टर पद्धति का है तो वह पुरानी सेमेस्टर पद्धति के अनुसार और यदि वार्षिक पद्धति का है तो वह पुरानी वार्षिक पद्धति के अनुसार परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगा। किसी भी स्थिति में सेमेस्टर पद्धति वाला विद्यार्थी वार्षिक पद्धति में एवं वार्षिक पद्धति वाला विद्यार्थी सेमेस्टर पद्धति के अनुसार परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेगा। ऐसे समस्त विद्यार्थियों का परीक्षा आवेदन फॉर्म ऑफ लाइन 22 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच विश्वविद्यालय के नवलपुर परिसर में स्थित परीक्षा विभाग में भरवाया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि प्रथम वर्ष द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष नियमित स्वाध्याय पूरक एवं द्वितीय अवसर विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन फार्म दिनांक 5 अप्रैल से लगातार भरे जा रहे हैं, जिसकी अंतिम तिथि 21 अप्रैल है, इसके बाद इस तरह के विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म लेट फीस के साथ भरे जाएंगे, जो विद्यार्थी नवीन शिक्षा प्रणाली के तहत प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष की पूरक परीक्षाओं में सम्मिलित हुए हैं एवं पास हुए हैं वे क्रमशः द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष की में परीक्षा के लिए 24 अप्रैल से 28 अप्रैल तक अपना परीक्षा आवेदन भर पाएंगे और इन्हीं परीक्षाओं में अनुत्रीण विद्यार्थी उसी कक्षा का पूरक परीक्षा का द्वितीय अवसर का परीक्षा आवेदन भी 24 से 28 अप्रैल में भर सकेंगे। विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन करें।

---

### धरपकड़ में बरत रहे शिथिलता, सड़कों पर चल रही मनमानी

# असंतुलित ओव्हर लोड वाहन सड़क दुर्घटना को दे रहे दावत

**शहडोल।** सड़कों पर चौबीसो घंटे चल रही आवाजाही और परिवहन को सुरक्षित रखने के लिए यातायात नियम बनाए गए हैं। निगरानी के लिए पुलिस तैनात की गई है, करोड़ों रुपए की समतल सड़कें बनाई गई है। शासन की इतनी व्यवस्था के बावजूद सड़क यातायात असुरक्षित है। कारण यह है कि लोग अपने मतलब के लिए दुर्घटना के अंदेशे को नजरअंदाज कर देते हैं वहीं पुलिस भी लापरवाही बरतती है। इधर काफी दिनों से यातायात पुलिस सड़कों पर वाहनों की जांच पड़ताल में ढिलाई बरत रही है। वाहनों की बॉडी के काफी ऊपर तक माल लोड किया जाता है वाहन लहराते चलते हैं, मिनी ट्रकों व ट्रकों में यह स्थिति अधिक देखने को मिलती है। पिकअप और ट्रैक्टरों में पीछे तक झूलती सरिया, एंगल लोड किए जाते हैं। ऐसे वाहनों को मोडऩे में भी कठिनाई जाती है। कहीं भी लोग इनसे घायल हो सकते हैं। लेकिन क्या ऐसे वाहन पकड़े जाते हैं?

#### बॉडी के ऊपर तक छल्ली

सड़कों पर ऐसे वाहन कहीं भी देखे जा सकते हैं जिनके बॉडी के काफी ऊपर तक सामानों की छल्ली लगी रहती है। मिनी ट्रकों या ट्रकों पर जब भूसी ले जाई जाती है तो इसी तरह का नजारा देखने को मिलता है। इससे वाहनों की चाल बिगड़ जाती है वे असंतुलित होकर लहराते हैं। ऐसे वाहन समतल सड़क पर भी खतरा पैदा कर सकते हैं मोड़ों पर तो विशेषतया उन्हे मोडऩे में कठिनाई जाती है। पुलिस के सामने से ऐसे वाहन गुजरते हैं लेकिन पुलिस इनसे पूछताछ करना जरूरी नहीं समझती।




कुछ वर्षों पूर्व सर्किट हाउस के समीप इसी तरह भूसे का ट्रक बिजली के खंभे से टकरा कर पलट गया था। सारी रात सोहागपुर की लाइट बंद रही थी। दुर्घटनाएं होतीं हैं पर सीख नहीं ली जाती है।

#### सरिया, एंगल ऐसे ले जाते हैं

सडकों पर ऐसे पिकअप वाहन व ट्रैक्टर दिख जाएंगे जिनमें लोहे की सरिया व एंगल लोड रहते हैं और जो वाहनों के पीछे झूलते रहते हैं। इन वाहनों से कहीं भी दुर्घटना हो सकती है, ऐसे वाहन मुड़ते समय अगल बगल के राहगीरों को घायल कर सकते हैं। पुलिस ऐसे वाहनों को चलते हुए देखती है लेकिन इनके विरुद्ध कार्रवाई नही करती। सड़क सुरक्षा से उसका मतलब हेल्मेट पहनने, तीन सवारी नहीं चलने मात्र से होता है। जबकि सड़क दुर्घटनाएं इन कारणों से भी हो सकती हैं। पुलिस की धरपकड़ के कुछ निर्धारित मानदण्ड हैं, इसके अलावा वह धरपकड़ करने में समय बर्बाद करना जरूरी नहीं समझती है।

#### शराबी वाहन चालकों की खबर लें

त्योहार पर्वों पर और शादियों के समय वाहनों में ठूंस ठूंस कर यात्री बैठाए जाते हैं। कई वाहन नशे की हालत में भी चलाए जाते हैं। ऐसे नसेड़ी वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। नशे के कारण भी कई बार गंभीर दुर्घटनाएं हो जातीं हैं। आटो वाले भी क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर चल रहे हैं। नगर में इन दिनों करीब एक हजार आटो चल रहे हैं, इनका फिटनेस व परमिट देखा जाए तो अधिकांश नियमविरुद्ध चलते पाए जाएंगे। शायद ही कोई आटो ऐसा होगा जिसका माइलोमीटर सही होगा, सब अपने माइलोमीटर खराब

---

## प्रेमिका से पीछा छुड़ाने प्रेमी ने ही हत्या कर खेत में फेंक दी थी लाश, कातिल गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कैमोर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जमुआनी कला में एक किसान के खेत में लगभग एक सप्ताह पूर्व गांव की ही एक महिला का कंकाल पाया गया था। खेत में महिला का कंकाल मिलने के मामले में विजयराघवगढ़ एसडीओपी केपी सिंह ने पूरे मामले से पर्दा उठा दिया है। एसडीओपी श्री सिंह ने बताया कि बीते दो-तीन साल से चले आ रहे प्रेम संबंधों से छुटकारा पाने के लिए महिला के प्रेमी ने ही उसे रात को मिलने के बहाने बुलाकर उसकी पहले तो गला दबाकर हत्या की उसके बाद गेहूं के खेत के अंदर ले जाकर फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी प्रेमी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

#### पत्नी को लग गई थी जानकारी

विजयराघवगढ़ एसडीओपी केपी सिंह ने घटनाक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि ग्राम जमुआनी कला निवासी लगभग 30 वर्षीय गणेश गुप्ता नामक युवक के संबंध 40 वर्षीय महिला से थे। गत वर्ष गणेश का विवाह हो गया था और उसके महिला के साथ संबंध होने की जानकारी उसकी पत्नी को लग गई थी। पत्नी के सामने अवैध संबंध उजागर होने के बाद से ही गणेश अपनी प्रेमिका से छुटकारा पाना चाहता था। उसने 19 फरवरी की रात प्रेमिका को मिलने के बहाने खेत की मेड़ पर बुलाया और वहां पर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद गणेश ने प्रेमिका की लाश को गेहूं के खेत के बीचो-बीच लेजाकर फेंक दिया। जिस खेत में महिला का कंकाल पाया गया उससे मात्र 200 मीटर की दूरी पर ही उसके हत्यारे प्रेमी गणेश का घर है। महिला गांव में अकेली ही रहती थी उसका पति और बेटा मजदूरी करने के लिए किसी दूसरे शहर में रह रहे थे। महिला और गणेश के बीच पिछले दो-तीन सालों से संबंध स्थापित थे। दोनों मोबाइल पर घंटों बातें भी किया करते थे। गणेश ने महिला की हत्या करने के बाद उसके मोबाइल को स्विच ऑफ करके उसकी स्वेटर के पॉकिट में डाल दिया था।

विजयराघवगढ़ एसडीओपी श्री सिंह ने कहा की बेहद चुनौती पूर्ण इस हत्याकांड में महिला की कॉल डिटेल को जब पुलिस ने गंभीरता पूर्वक अध्ययन किया तो फिर दो-तीन लोगों से महिला की बातचीत होने की बात सामने आई। आरोपी गणेश महिला से हमेशा ही घंटों बात करता था। जब उस पर संदेह हुआ तो पुलिस के द्वारा गांव में मुखबिरों को सक्रिय किया गया और पूरे साक्ष्य एकत्र किए गए। संदेह के आधार पर जब आरोपी गणेश को पकड़ कर उससे पूछताछ की गई तो उसने सारी सच्चाई उगल दी। महिला की हत्या के मामले में उसके आशिक गणेश को हिरासत में लेते हुए उसके खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। आपको बता दें कि महिला का कंकाल 12 अप्रैल की सुबह पाया गया था कंकाल मिलने के एक हफ्ते के अंदर ही पुलिस ने इस अंधे हत्याकांड का खुलासा कर दिया। कंकाल मिलने के बाद से ही गांव में खलबली मची हुई थी। आरोपी के पकड़े जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है।

## रामनवमीं पर्व में निगहरा में निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आदिशक्ति की भक्ति का महापर्व चैत्र नवरात्र नवमी को माता के भक्तों के द्वारा सभी नौ देवियों की पूजा अर्चना कर बुधवार की शाम को जवारे विसर्जन के साथ भक्ति भाव से समापन किया गया विगत 9 अप्रैल से प्रारंभ हुए नवरात्र पर्व के दौरान निगहरा ग्राम में नेत्र रूपी मां कंकाली के मंदिर में भक्तों के द्वारा पूरे भक्ति भाव से 9 दिनों तक मां की उपासना साधना की गई। नवमी के दिन माता के भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की। ग्राम निगहरा में नेत्र रूपी मां कंकाली के मंदिर में कन्याओं का पूजन किया गया तथा कन्या भोज के साथ भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया। ग्राम निगहरा में बड़े ही उत्साह के साथ रामनवमी का पर्व मनाया गया। निगहरा ग्राम में नेत्र रूपी मां कंकाली की पूजन अर्चना ,आराधना महापर्व नवरात्रि का समापन बड़े ही गरिमामय माहौल में किया गया।नवरात्रि में नौ दिन तक माता के धाम में भक्तों का तांता लगा रहा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भक्तों की संख्या में बेतहाशा बृद्धि हुई । मां कंकाली का जुलूस मंदिर से होते हुए ,ग्राम से घूमते हुए ठाकुर जी की हवेली में जुलूस रुक कर परंपरा के अनुसार बाना, काली नृत्य, भगतें देवी भगतें गाते हुए गाजे बाजे के साथ जवारों के साथ विशाल जुलूस निकाला गया और गांव की जवाहाई तलैया में जवारे का विसर्जन हुआ।

## खबर संक्षेप



### महिला मंडल अध्यक्ष ने महिलाओं को मतदान हेतु प्रेरित किया

**अमलाई।** नगर परिषद बकहो अंतर्गत ओरिएंट पेपर मिल्स के सीईओ सीएस काशीकर एवं पत्नी वर्षा काशीकर द्वारा मतदान किया गया। वर्षा काशीकर ओपीएम के महिला मंडल की अध्यक्ष है जिन्होंने मतदान हेतु अन्य महिलाओं को भी प्रेरित किया।

### धूप में लाइन लगा मतदान के लिए किया इंतजार



**ब्योहारी ।** सीधी संसदीय सीट में ब्योहारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 83 में दोपहर लगभग एक बजे तेज धूप में लाइन लगा कर मतदान के लिए करते रहे इन्तजार कि हमारा नम्बर कब आयेगा और वहाँ छाया इन्तजाम कोई खास नहीं दिखा और सुहब कोई खास भीड़ नहीं दिखी लेकिन फिर भी तेज धूप में मतदाता खड़े रहे।

### होर्डिंग से मतदान के लिए किया जा रहा प्रेरित

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। मतदान प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित 2014 मतदान केन्द्रों मे होगा। प्रत्येक मतदाता को मताधिकार के उपयोग के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा रीवा शहर में प्रमुख स्थलों पर मतदान दिवस की सूचना से संबंधित होर्डिंग लगवाए गए हैं। कालेज चौराहा, सिरमौर चौराहा, नया बस स्टैण्ड, जिला अस्पताल, रेलवे स्टेशन, विक्रम पुल, निपनिया पुल, छोटी पुल, पुराना बस स्टैण्ड, अस्पताल चौराहा सहित शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में 100 होर्डिंग लगाए गए हैं। इसी तरह सभी विकासखण्डों में भी मतदाताओं को मतदान के लिए होर्डिंग के माध्यम से प्रेरित किया जा रहा है।

### द्वारचार से पहले बारात घर में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**रीवा।** जिले के सिविल लाइन थाना अंतर्गत में गुरुवार देर रात शहर के शहर के बीचो-बीच स्थित वृंदावन गार्डन में पटके की चिंगारी से आग लग गई जिससे चारो तरफ अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। जानकारी के मुताबिक आग पटाखे चलाने की वजह से लगी। देखते ही देखते विवाह घर में आग भड़क उठी। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया। गनीमत रही की फायर ब्रिगेड की गाड़ी घटना स्थल से चंद दूरी पर ही खड़ी थी। जिससे समय रहते ही आग पर काबू पा लिया गया। जिसके चलते कोई बड़ी घटना घटित नही हुई।

### मतदान दल के सदस्यों का विशेष प्रशिक्षण आज

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान दलों के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक एक, दो एवं तीन के विशेष प्रशिक्षण के समय में परिवर्तन किया गया है। विशेष प्रशिक्षण 20 अप्रैल को टीआरएस कालेज में आयोजित होगा। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि प्रशिक्षण अब अपरान्ह एक बजे से शाम 5 बजे तक दिया जाएगा।

### जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुई 28307 क्विंटल गेंहू की खरीद

**रीवा।** जिले में निर्धारित 104 खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जा रही है। जिले में 19 अप्रैल तक 427 किसानों से 28307 क्विंटल गेंहू की खरीद की गयी है। इसके लिए किसानों को 6 करोड़ 79 लाख 38 हजार रूपये की राशि मंजूर की गयी है। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि अब तक 1574 किसानों ने गेंहू उपार्जन के लिए स्लॉट बुक किये हैं।

# मॉ ज्वालामुखी मंदिर में ऐतिहासिक भंडारा

## 30 हजार श्रद्धालुजनों ने प्रसाद ग्रहण किया





**मां के भंडार में भक्तों के प्रसाद की कमी नहीं**

शक्तिपीठ मां ज्वालामुखी मंदिर में 9 से 17 अप्रैल तक 10 व्दिवसीय साधना आराधना उपासना का पर्व नवरात्र पूरे नगर कोयलांचल क्षेत्र के बड़े भक्ति भाव के साथ मनाया और 18 अप्रैल को विशाल भंडारा के साथ चैत्र नवरात्र पर्व का हुआ समापन।

धनपुरी।

निकले जवारा जुलूसजवारा जुलूस मां ज्वालामुखी मंदिर, वि नंबर 1 काली मंदिर, वा नगर के विभिन्न स्थलों से जवारा जुलूस काली नृत्य के साथ निकाला गया जो मुख्य मार्गो से होते हुए आजाद चौक पहुंचकर मां ज्वालामुखी कुंड में जवारा विसर्जन किया गया। जवारा जुलूस का स्वागत धनपुरी आजाद चौक में जवारा जुलूस में शामिल महिलाएं बच्चों व श्रद्धालुजनो को चना, खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया। वही वार्ड नंबर 18 नवयुवकों के द्वारा चना बाटे जुलूस में आए श्रद्धालुओं को वितरण किया गया वही सिद्धिविनायक के द्वारा खिचड़ा प्रसाद का वितरण जुलूस में आए श्रद्धालुओं को किया गया वही आजाद चौक में टैक्सी यूनियन के द्वारा जुलूस में आए श्रद्धालुओं को खीर प्रसाद वितरण कर स्वागत किया गया इसी तरह माइकल चौक श्रद्धालुओं को चना प्रसाद वितरण किया गया इसी तरह से अन्य स्थानों पर भी पानी पाउच का वितरण किया गया। प्रसाद ग्रहण करने श्रद्धालुओं सैलाब उमड़ पड़ासमिति के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुवार 18 अप्रैल मॉ ज्वालामुखी मंदिर प्रांगण में इतिहासिक विशाल भंडारा का आयोजन किया गया था जो दोपहर 3 बजे से भंडारा प्रसाद ग्रहण करने भक्तजनों के द्वारा प्रारंभ किया गया जो रात्रि 12 बजे के बाद भी प्रसाद ग्रहण करने के लिए दूर-दूर से जवारा जुलूस के साथ हजारों की संख्या में महिला पुरुष बच्चे मन्दिर पहुंचे और लगभग 30,000 श्रद्धालु भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। मां के दरबार में जो भी प्रसाद खाने आया कोई आज तक खाली हाथ मां के दरबार से नहीं गया।व्यवस्था की सराहनासमिति के सदस्य महेंद्र सिंह पवार मैथिलीशरण गुप्त प्रकाश मिश्रा,संतोष मेहरा, पूरन लोधी, व पुष्पेंद्र सिंह, पप्पू महाराज विजय प्रकाश शर्मा ने व अपने सहयोगी कार्यकर्ताओं के साथ प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे श्रद्धालु जनों का बैठने की समुचित व्यवस्था पानी व्यवस्था प्रसाद वितरण की व्यवस्था को लेकर पूरे समय तक भक्तजनों द्वारा अपनी सेवा मां को समर्पित करते हुए सेवा भाव से प्रसाद वितरण की व्यवस्था में लगे रहे जो श्रद्धालु जनों को प्रसाद हलवा खिचडा पूडी सब्जी लेने में किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। बताया जाता है कि प्रसाद ग्रहण करने के लिए एक बार में लगभग 400 लोगों बैठने की व्यवस्था थी जो इसी तरह से देर रात तक भक्तजनों द्वारा प्रसाद ग्रहण किया।

**प्रसाद की अलग से व्यवस्थाः** दूर दूर से आए श्रद्धालु जन प्रसाद ग्रहण के उपरांत लोगों ने घरों के लिए भी प्रसाद की व्यवस्था समिति के द्वारा बनाई गई थी जो बड़ी संख्या में लोगों ने घरों के लिए भी प्रसाद ले जाने की व्यवस्था की गई थी जो श्रद्धालुजन अपने-अपने घर प्रसाद ले जाकर सपरिवार प्रसाद ग्रहण किया और मां ज्वालामुखी मां का प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद धन्य हुए।आभार प्रकटसमिति के महेंद्र सिंह पवार आकाश मिश्रा, अपने सदस्यों व चैत्र नवरात्रि के 9 दिनों तक ज्वालामुखी मंदिर में समिति के अन्य सदस्य गणों का प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगों का हदय से आभारी हूं आगे भी ऐसे ही सहयोग जो तन मन से जुटे कार्यकताओ व सहयोगी जनों का आभार प्रगट करते हुए इसी तरह से आगे भी सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की है। नवरात्रि वर्व का कवरेज करने वालो पत्रकारो मे राजू अग्रवाल, मो सफीक, लक्ष्मन सोनी का सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किऐ।अनुकरणीय सहयोग नगरपालिका द्वारा मंदिर में व्यवस्था को लेकर पूरा सहयोग दिया गया धार्मिक स्थल के आस-पास साफ-सफाई व्यवस्था पानी व्यवस्था प्रकाश व्यवस्था की गई। पुलिस प्रशासन व्यवस्था धनपुरी थाना प्रभारी गेम सिंह रा जेंद्र तिवारी, गजेंद्र सिंह, शंभ्भू, व सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस दल बल तैनात किए गए हैं जो अपनी जिम्मेदारी को पूरी तरह से निभाएं मां ज्वालामुखी मंदिर समिति उनके प्रति हमेशा आभारी रहेगी आगे भी ऐसी सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की जा रही है। **मंच संचालनः** ज्वालामुखी मंदिर में सुनील नामदेव के द्वारा सुबह से शाम तक पूरे कार्यक्रम का संचालन बखूबी किया समिति के द्वारा उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया समिति के सदस्यों ने नवरात्रि पर्व पर सभी सहयोगिजनो प्रतिष्ठानोंजनो व्यापारियो, साउंड सर्विस श्रद्धालु जनों आभार प्रकट किया गया। वही अपने समाचार पत्रों में नवरात्रि पर्व पर प्राथमिक से समाचार कवरेज करने वाले राजू अग्रवाल लक्ष्मन सोनी को इस सहयोग के लिए कमेटी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# एसईसीएल के द्वेषपूर्ण रवैये के विरोध में रामपुर के ग्रामीणों द्वारा दोपहर तक मतदान का बहिष्कार



अमलाई।

एसईसीएल के द्वेषपूर्ण रवैये के विरोध में रामपुर, बेलिया,परड़िया और बैरिहा के ग्रामीणों ने सुबह से मतदान का बहिष्कार किया गया दोपहर बारह बजे प्रशासनिक अधिकारियों की आश्वासन के बाद रामपुर के ग्रामीणों ने मतदान शुरू किया जानकारी अनुसार सुबह से ही कर्मचारियों को छोड़कर अन्य ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया था ग्रामीण किसानों का कहना था कि एसईसीएल द्वारा ग्रामीणों को अपना हक मांगने पर तीन करोड़ का नोटिस भेजा गया है जो नियम विरुद्ध है। नोटिस भेजने वालों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है जिसके बाद एसडीएम जैतपुर द्वारा एसईसीएल महाप्रबंधक को फोन कर नोटिस वापस लेने को आदेशित किया गया है। किसानों द्वारा दोपहर तक मतदान नही किया गया था लगभग बारह बजे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरुण भटनागर और पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया कि अचार सहिंता खत्म होते ही समस्याओं का निदान कराया जाएगा। जिसके बाद रामपुर के किसानों ने दोपहर बाद मतदान प्रारंभ कर दिया किंतु बेलिया, परड़यि और बैरिहा के लोगो द्वारा देर समय तक मतदान नही किया गया। बता दे कि विधानसभा चुनाव में भी एसईसीएल के विरोध में ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया था प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद मतदान शुरू किया गया था। एसईसीएल रामपुर की खुली खदान द्वारा से प्रभावित रामपुर बेलिया के ग्रामीणों के खिलाफ लगातार समस्याएं उत्पन्न की जा रही है। जिसके विरोध के कारण प्रशासन को समस्याओं का सामना करना पड़ता है और एसईसीएल द्वारा अपने क्रियान्वयन में कोई बदलाव नही किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि रामपुर बैरिहा बॉर्डर पर उत्खनन करते हुए एसईसीएल द्वारा बैरिहा के ग्रामीणों का मुख्य मार्ग ही ब्लॉक किया जा रहा है। जहां से आते जाते समय लोगो के साथ एसईसीएल में सुरक्षा गार्डों द्वारा मारपीट भी की जा चुकी है। जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ रहा है।

# तीसरी आंख बंद होने का खामियाजा भुगत रहे लोग

## नगर के मुख्य चौराहे से गायब हो गई बाइक

धनपुरी।




नगर के हदय स्थल आजाद चौक में लगा सीसी टीवी कैमराबंद होने का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोर चौक में खड़ी बाइक ले उड़े जिसका अब तक कोई पता नहीं चला है। आवेदक अनिल कुमार जायसवाल पिता छंगूलाल जायसवाल निवासी आजाद चौक वार्ड क्र. 18 धनपुरी ने उक्ताशय की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि उसने चेतन दास पिता देवीदीन ग्राम रुपौला शहडोल से हीरो मेस्ट्रो सफेद रंग रजिस्ट्रेशन नं. MP 18 MF 6802 तीस हजार रु. में खरीदा था ! पीड़ित ने बताया कि उक्त वाहन मेरे दुकान के सामने लाक हुई खड़ी थी रात्रि 12.30 के लगभग तक खड़ी थी उसके पश्चात आज सुबह 9.30 बजे देखे तो गायब था।गौरतलब है कि आजाद चौक में सीसी कैमरा की व्यवस्था सुधार के लिए लगातार कई बार समाचार पत्रों के माध्यम से नगर पालिका पुलिस प्रशासन को अवगत कराया गया लेकिन नगर पालिका सीसी कैमरा ना मेंटेनेंस कराई ना कोई व्यवस्था बनाई गई जिससे पुलिस प्रशासन को सीसी कैमरा के माध्यम से चोरों को पकड़ने में सहयोग मिलता अगर सीसी कैमरा चालू होता तो आजाद चौक से सफेद कलर की स्कूटी चोरी जाने पर सीसी कैमरा के माध्यम से चोर को पकड़ा जा सकता था। नगर में जब भी छुटपुट घटनाएं चोरी की घटना को अंजाम चोरों को द्वारा दिया जाता है तब सीसी कैमरा की याद नगर वासियों को व थाना के लोगों को सीसी कैमरा कई माह से बंद होने को लेकर पूर्व में शांति समिति की बैठक में पूर्व नगरपालिका सीएमओ से मेंटेनेंस कराने की मांग की गई थी लेकिन मेंटेनेंस के अभाव में चोरों के द्वारा चोरी कर नौ दो ग्यारह हो जाते हैं और चोरों को पकड़ने तलाशने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ती है तीसरी आंख से कोई नहीं बच सका आजाद चौक में तीसरी आंख की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

# रोड लाइट वाली महिलाओं को पिकअप वाहन ने कुचला, एक की मौत आधा दर्जन घायल



**रीवा ।** जिले के मनगवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार की देर रात्रि में फरेंदा गांव सड़क किनारे बैठी महिलाओं को अनियंत्रित पिकअप वाहन ने कुचल दिया। घटना में आधा दर्जन महिलाएं घायल हुई हैं। जबकि एक की मौत हो गई।जानकारी के मुताबिक महिलाएं चोरहटा थाना क्षेत्र के बैजनाथ से रोड लाइट लेकर रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र के फरेंदा गांव गई थी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद। महिलाएं वापस लौटने के लिए सड़क के किनारे वाहन का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान जिस पिकअप वाहन से महिलाएं फरेंदा पहुंची थी। उसी वाहन के चालक ने तेज रफ्तार वाहन चलाते हुए सड़क किनारे बैठी महिलाओं को कुचल दिया । जिसमें सावित्री साकेत नाम की महिला की मौत हो गई जबकि आधा दर्जन महिलाएं घायल हो गई हैं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। पिकअप चालक मौके से फरार हो गया वही पिकअप चालक भी बैजनाथ गांव का ही रहने वाला है जो नशे की हालत में था। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच की जा रही है।

### इनका कहना है

रात्रि लगभग 2:00 पुलिस को सूचना मिली की पिकअप वाहन ने शादी में रोड लाइट की गमले उठाने वाली महिलाओं कुचल दिया है तत्काल मौके पर जाकर घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया जहां एक महिला की मौत हो गई जिस पर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है वहीं वाहन चालक मौके से फरार हो गया था जिसकी तलाश जारी है

**महेंद्र सिंह बागरी**
**चौकी प्रभारी मनिकवार थाना मनगवा रीवा**

### यादव वोट को साधने रीवा आ रहे कांग्रेस से अरूण यादव

रीवा । रीवा में यादव समाज का एक बड़ा बोट बैंक है, जिसे साधने की कवायद की जा रही है। जब से प्रदेश के मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव बने है तब से यादव समाज का रूख भाजपा की ओर दिखने लगा है। हाल ही में प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने रीवा संसदीय क्षेत्र में सभा की, जिससे कांग्रेसियों की हालत पतली हो गई। उनको इस बात की आशंका सताई जा रही कि यादव बोट बैंक को कैसे साधा जाये। जिसका समाधान निकाल लिया गया है। शनिवार को यादव बाहुल्य क्षेत्र गोविंदगढ़ एवं जवा में कांग्रेस ने सभा का आयोजन किया है। जिसमें कांग्रेस के रप्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव सिरकत करेंगे। आने वाले चुनाव परिणाम में दिलचस्प बात यह रहेगी कि रीवा के यादव बोट बैंक का रूझान प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव की ओर होगा या फिर कांग्रेस के केंद्रीय मंत्री अरूण यादव का प्रभाव दिखेगा।

# प्रशिक्षण से अनुपस्थित 35 कर्मचारियों को मिला नोटिस

रीवा।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए गठित मतदान दलों में शामिल पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण 14 अप्रैल से 16 अप्रैल तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण से अनुपस्थित पाए गए 35 शिक्षकों तथा अन्य कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। प्रभारी अधिकारी मतदान दल गठन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने प्रशिक्षण से अनुपस्थिति को गंभीर कदाचरण एवं अनुशासनहीनता मानते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही का नोटिस दिया है। यह नोटिस मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के प्रावधानों के तहत दिया गया है। नोटिस का दो दिन की समय सीमा में समक्ष में उपस्थित होकर संतोषजनक उत्तर न देने पर एक पक्षीय दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अनिल सिंह सहायक शिक्षक, लालमन साकेत उच्च श्रेणी शिक्षक, चन्द्रशेखर प्रसाद कोल सहायक शिक्षक, परमानंद पटेल सीएसी जनपद शिक्षा केन्द्र, रूद्र नारायण शुक्ला माध्यमिक शिक्षक, भारत भूषण द्विवेदी सहायक शिक्षक तथा श्रीमती लीलावती साकेत प्राथमिक शिक्षक को नोटिस दिया है। इसी तरह मझिगेन्द्र प्रसाद मिश्रा प्राथमिक शिक्षक, भूपेन्द्र सिंह प्राथमिक शिक्षक, श्रीमती प्राची सिंह माध्यमिक शिक्षक, राजेन्द्र सिंह प्राथमिक शिक्षक, श्रीमती मंजू पाण्डेय माध्यमिक शिक्षक, श्रीमती विमला साकेत प्राथमिक शिक्षक तथा रामनिवास साकेत माध्यमिक शिक्षक को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। कृष्णलाल कोल सहायक अध्यापक, रामकैलाश कोल सहायक अध्यापक, पृथ्वीराज सिंह कार्यालय सहायक, संजय कुमार पटेल कार्यालय सहायक, श्रीमती सरिता पाण्डेय माध्यमिक शिक्षक, कुसुम दुबे प्राथमिक शिक्षक, सुधीर कुमार कोल सहायक अध्यापक, श्रीमती सुशीला वर्मा प्राथमिक शिक्षक तथा श्रीमती शशिकला कोल को नोटिस दिया गया है। प्रशिक्षण से अनुपस्थित हरिशंकर चतुर्वेदी समयपाल, भूपेन्द्रमणि तिवारी प्राथमिक शिक्षक, ऋषिकेश्वर प्रसाद द्विवेदी स्वास्थ्य अधिकारी, रामगोपाल कोल सहायक अध्यापक, रामलाल कोल शिक्षामित्र, चिंतामणि कोल भृत्य, मोतीलाल कोल संविदा शिक्षक तथा मुबिनूर रशीद स्वास्थ्य अधिकारी को भी नोटिस दिया गया है। इसी तरह श्रीमती समुद्रकली कोल सहायक अध्यापक, श्री विपिन पांसा भृत्य, शिवकुमार कोल शिक्षामित्र तथा राजेन्द्र प्रसाद भृत्य को कारण बताओ नोटिस दिया गया है।

## खबर संक्षेप



### कटी फसल में लगी आग, फसल जलकर खाक

**अनूपपुर।** कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत दुधमनिया में पूर्व सरपंच अवधराज सिंह की खेत में रखे अरहर, गेहूं एवं अन्य तरह की फसल की करही में 19 अप्रैल की दोपहर अचानक अज्ञात कारणों से आग लगने के से फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। घटना की जानकारी ग्राम पंचायत के सरपंच सुधार सिंह द्वारा दिए जाने पर नगरपालिका परिषद अनूपपुर की फॉयर बिग्रेड मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी थी। फसल पर अचानक आग लगने का कारण समाचार लिखे जाने तक स्पष्ट नहीं हो सका है।

### पाती के जरिए सभी मतदाताओं को मतदान का दिया न्यौता

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने खजुराहो संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान दिवस पर सभी मतदाताओं से बुंदेली भाषा में मतदान की अपील की है। उन्होंने पाती के माध्यम से की गई अपील में सभी मतदाताओं से कहा है कि शुक्रवार, 26 अप्रैल खां लोकसभा के चुनाव होने हैं। सो आप सब जनन खां वोट डालवे जरूर जानें काये कि आप औरन नें पैलें भी मतदान में बढ़चढ़ के भाग लओ है सो ईबार भी जोई करने।जिला कलेक्टर ने कहा कि लोकतंत्र में बड़ो हो या छोटो सबखों वोट बराबर औ कीमती है, ईसे अपन खां सबई जनन के संगे बहुतई सोच समझ के बिना कौनऊ लोभ लालच के बिना कोऊ कि बातन में आय, अपनों और अपने लड़का बच्चन को भविष्य तय करवे वोट देवे जाने। चुनाव लोकतंत्र को सबसे बड़ो महापर्व कहाऊत औ जो पांच साल में एक बार आने ईसे अच्छे से सोच विचार के निडर और निर्भीक हो कें वोट देनें। औ कौनऊ प्रकार के नशा, रूपया, पैसा के लालच में नई आने।

### माइक्रो ऑब्जर्वर की बैठक 22 अप्रैल को

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत सभी माइक्रो ऑब्जर्वर के दायित्व निर्वहन के लिए 22 अप्रैल को बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। इस अवसर पर आयोग के प्रावधानों के संबंध में शाम 5 बजे टाउन हॉल पन्ना में ब्रीफ किया जाएगा। इस दौरान सभी माइक्रो ऑब्जर्वर को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है।

### मतदान केंद्र के सौ मीटर के दायरे में मोबाइल फोन के उपयोग को लेकर निर्देश जारी

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में मोबाइल फोन के इस्तेमाल को लेकर निर्देश जारी किये हैं। आयोग के निर्देशानुसार मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में केवल निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त किये गये शासकीय सेवक ही मोबाइल फोन के उपयोग हेतु अधिकृत होंगे। आयोग के मुताबिक मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं दल के अन्य सदस्य को मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान अपने मोबाइल फोन साइलेंट मोड में रखना होगा।

### एटीएम कार्ड बदलकर जालसाज ने निकाले 40 हजार रूपये

**दमोह।** बुजुर्ग दंपत्तियों को एटीएम के अंदर कार्ड बदलकर फ्रॉड करने के मामले दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं ऐसे ही एक घटना आज स्टेडियम के सामने स्थित एसबीआई के एटीएम काउंटर पर हुई । पीजी कॉलेज के रिटायर्ड मुख्य लिपिक के एल राय 70 वर्ष एटीएम से पैसे निकालने जाते हैं उस समय एटीएम मशीन का जीरो बटन बार-बार प्रेस करने पर नहीं दब रहा था।

# जन ने दिया अपना मन

## सशक्त लोकतंत्र के लिए मतदाताओं ने किया मतदान

**तेज तपती धूप में भी मतदाता घर से पहुंचे मतदान केन्द्र**

**सेल्फी प्वाइंट बना आकर्षण का केंद्र**

**46 दिन बाद 4 जून को खुलेगी प्रत्याशियों की किस्मत**








लोकतंत्र के महापर्व पर भारत की गौरवशाली परम्परा के तहत 19 अप्रैल को मतदान करने खासा उत्साह दिखा। विश्व की अनूठी जनतांत्रिक जनमत के इस अनूठे अवसर पर सास-बहु-बेटी, देवर-देवरानी, ननद-भौजाई के साथ ही पति-पत्नि, भाई-बहन, वरिष्ठ नागरिक, पत्रकार साथ-साथ मतदान केन्द्र जाते दिखे।

अनूपपुर।

वोट डालने के पश्चात उत्साहित मतदाताओं ने उंगली में लगाये गये मतदान स्याही के निशान को दिखाते हुऐ लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी आस्था व्यक्त करते हुए अन्य मतदाताओं को भी मतदान करने का संदेश दिया। बहरहाल 47वें दिन आगामी 4 जून को साफ होगा कि जनता किस नये सांसद को दिल्ली भेजेगी।

मतदान केन्द्रों में सुबह से ही मतदाताओं की कतार देखी गई। जिले में महिला मतदाताओं में मतदान के प्रति विशेष रूझान देखने को मिला। सुबह के पहर में धीरे-धीरे मतदान ने गति पकड़ी और फिर यह क्रम देर शाम तक अनवरत चलता रहा। सभी लोगों में चुनाव का पर्व देश का गर्व से अभिभूत होकर लोकतंत्र के महापर्व में मतदान कर अपना कर्तव्य व जिम्मेदारी निभाई। मतदान दिवस पर शहडोल संभाग के कमिश्नर बी.एस. जामोद, एडीजीपी डी.सी. सागर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा शहडोल 12 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसर आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग ऑफीसरों, सेक्टर अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों, कार्यपालिक दण्डाधिकारियों ने शांतिपूर्ण मतदान कराने में उल्लेखनीय भूमिका का निर्वहन किया।

### पारा बढते ही मतदान धीमी

एक ओर चुनावी सरगमी तेज चल रही थी वही दोपहर का पारा बढ़ते ही मतदान की गति धीमी नजर आने लगी। दोपहर 12 से लेकर 4 बजे तक मतदान का प्रतिशत धीमा नजर आया। जिले भर मे मत प्रतिशत सुबह से लेकर दोपहर 11 बजे तक बढ़ा वही शाम 4 बजे के बाद मतदाता घर से निकले। इस बीच दोपहर 11 से शाम 3 बजे तक मतदान केन्द्र खाली देखे गये।

### दिव्यांग मतदाताओं ने किया मतदान

लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान करने जिले के दिव्यांग मतदाता भी खुशी जाहिर करते हुए मतदान किया। जिले के विधानसभा क्षेत्र अनूपपुर के मतदान केंद्र क्रमांक 205 सिवनी (जैतहरी) में 22 वर्ष के दिव्यांग युवा मतदाता उमेश कुमार राठौर मतदान कर प्रसन्न व्यक्त करते हुए मतदान किया। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र कोतमा के साजाटोला मतदान केंद्र क्रमांक- 37 में दिव्यांग मतदाता भूरी देवी ने मतदान का प्रयोग किया।

### सेल्फी प्वाइंट बना आकर्षण का केंद्र

जिले के तुलसी महाविद्यालय के छात्राओं ने मतदान करने के पश्चात उत्साह, उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ लोकतंत्र का त्यौहार नृत्य कर मनाया। छात्राओं ने जिले के सभी मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील भी किया है। जिले के विशेष मतदान केंद्रों में सेल्फी प्वाइंट आकर्षण का केंद्र रहा। लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सेदारी निभाने बड़ी संख्या में मतदाता अपने मतों का प्रयोग कर सेल्फी लिया। तथा सेल्फी के माध्यम से इस लोकतंत्र के महायज्ञ में अपनी मत की आहुति देने हेतु मतदाताओं से अपील भी किया।

### मतदान के प्रति मतदाताओं का दिखा उत्साह



लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के लिए हुये शहडोल संसदीय क्षेत्र के चुनाव मे अपना नया सांसद चुनने के लिये तपती धूप मे भी मतदाताओं का उत्साह कम नही हुआ और जिले भर मतदाताओ ने शुक्रवार को उत्साह के साथ मतदान किया। मतदान को लेकर 1 दिन पूर्व ही सभी तैयारियां प्रशासन द्वारा पूरी की जा चुकी थी। शहडोल लोकसभा के लिये 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान मे है। इस बार चुनाव आयोग के निर्देश पर व्यवस्थाओ मे सुधार कर बिजली, पानी की विशेष सुविधा दी गई थी, साथ ही सेल्फी जोन भी बनाये गये थे जहां मतदाता मतदान के बाद फोटो लेकर सोशल मीडिया मे भेजते नजर आये वही लोकतंत्र की गाड़ी के दूसरे पहिए ने अपनी जिम्मेदारी निभायी। मतदान में महिलाओं ने भी सहभागिता निभाई। कई मतदान के केंद्रों में तो महिला मतदाताओं की कतार पुरुष मतदाताओं की कतार से भी लम्बी थी। जिले में मतदाताओं के विशेष स्वागत के लिए आदर्श मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। इन मतदान केंद्रों में विशेष प्रवेश शादी उत्सव की तरह सजावट, सेल्फी पोईंट, छांव की व्यवस्था के साथ मतदाताओं के विश्राम के लिए कुर्सियाँ उपलब्ध थी।

### प्रत्याशियों, अधिकारियों ने भी किया मतदान



आम निर्वाचन मे भाग लेते हुये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह पवार ने मतदान केंद्र क्रमांक 71 सामतपुर पहुंच कर मतदान केन्द्र में पंक्तिबद्ध होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया वही सांसद प्रत्याशी हिमाद्री सिंह व फुंदेलाल सिंह भी मतदान करने पहुंचे। जिले के सभी विधानसभा में बुजुर्ग मतदाता ने सपत्नीक बढ़-चढ़कर मतदान किया तथा उन्होंने युवा मतदाताओं को बताया कि वह भी किसी से कम नहीं है। इसी कड़ी में बुजुर्ग दम्पति वृन्दावन चतुर्वेदी 92 वर्ष एवं उनकी पत्नी श्रीमती बेनीबाई चतुर्वेदी 85 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 13 अनूपपुर द्वारा मतदान किया। इसी प्रकार बुजुर्ग दम्पति कमला प्रसाद राठौर 85 वर्ष पत्नि दुलारिया बाई राठौर 82 वर्ष निवासी बस्ती वार्ड नम्बर 10 द्वारा व अन्य वरिष्ठ मतदाताओं द्वारा मतदान कर अपना फर्ज निभाया।

### लोकतंत्र के पर्व मे सात समुंदर पार लंदन से मतदान करने आई श्रद्धा बियानी



मतदान करना सभी का राइट है। सभी को मतदान में भाग लेना चाहिए। यह बात लोकतंत्र का त्यौहार मनाने सात समुंदर पार लंदन से मतदान करने आई सुश्री श्रद्धा बियानी ने कही। सुश्री श्रद्धा बियानी यूनिवर्सिटी आफ लंदन में आर्किटेक्ट इंजीनियर की पढ़ाई कर रही है, लेकिन जब उन्हे पता चला कि 19 अप्रैल को प्रथम चरण में शहडोल संसदीय क्षेत्र का मतदान होना है जिसके लिए घर परिवार से बात कर लंदन से भारत आकर अपने परिवार की तीन पीढ़ियों संग लोकतंत्र का त्यौहार मनाया एवं मतदान केंद्र क्रमांक 84 में पहुंचकर मतदान किया और सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। सुश्री श्रद्धा बियानी ने कहा कि भारत के कई बच्चे विदेश में अध्ययन कर रहे हैं। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग एवं भारत सरकार से मांग की कि विदेश में पढ़ रहे बच्चों को भी मतदान करने का अधिकार वहीं मिलना चाहिए जो सभी का अधिकार है। ज्ञात हो कि अनूपपुर की छात्रा सुश्री श्रद्धा बियानी बिल्डर और कॉलोनाइजर स्वामी विवेकानंद स्मार्ट सिटी अनूपपुर विवेक बियानी, जयश्री बियानी की पुत्री हैं एवं दादा अशोक बियानी क्षेत्र के बड़े ठेकेदार रहे हैं। दादी किरण संत तुलसी मॉडल स्कूल की अध्यक्ष है।



# शहर में कम दूरस्थ सड़कों में ज्यादा नजर आती है यातायात पुलिस

**सीसीटीवी कैमरे की नजर में हो इनकी कार्यवाही**

**अनूपपुर।** यातायात विभाग की व्यवस्था बनने से पहले ही बिगड़ चुकी है। यह शहर में कम दूरस्थ सड़कों पर ज्यादा नजर आ रही है। अगर पुलिस कप्तान सीसीटीवी कैमरे की नजर में यातायात विभाग से जुमार्ने की कार्यवाही कराएं तो निश्चित ही यातायात पुलिस दूरस्थ सड़कों की जगह शहर में नजर आने लगेगी। जब लक्ष्मी उनके हाथों में नहीं आएगी शासन के खजाने में जाएगी तो दिन रात गर्मी के इस मौसम में कोई भी कर्मचारी सड़कों पर वसूली करते नजर नहीं आएगा। देर रात तक वह जागरण नहीं करेगा बल्कि अपने घर में चैन की नींद सोएगा। देखा गया है कि पूरे प्रदेश के अंदर अनूपपुर जिला ही ऐसा है जहां लोग पूरे प्रदेश से घूमते हुए आ जाते हैं लेकिन अनूपपुर पहुंचते ही यातायात विभाग व आरटीओ की कार्रवाई को देखकर हमेशा कोसते रहते हैं। क्योंकि यहां का अमला केवल कमाई को ही प्राथमिकता देता है जिससे हर कोई परेशान है। ट्रैफिक पुलिस भले ही हल्का-फुल्का जुर्माना वसूली कर अपनी पीठ थपथपा रही है लेकिन उनकी यह सफलता कहीं ना कहीं असफलता की ओर भी इशारा कर रही है। चालान की आड़ में ट्रैफिक कर्मियों द्वारा अवैध वसूली के आरोप लगते रहे हैं। ट्रैफिक व्यवस्था संभालने एवं यातायात नियमों का पालन कराने के नाम पर यातायात पुलिस द्वारा अक्सर चालानी कार्यवाही की आड़ में अवैध रूप से रुपयों की उगाही के बारे में कई बार सुना देखा और भुगता होगा। आवश्यकता है कि यातायात विभाग की कार्यवाही सीसीटीवी कैमरे के सामने हो। पूर्व में यातायात विभाग की कार्रवाई को लेकर आंदोलन भी हुए जिसका नतीजा यह हुआ कि यातायात प्रभारी को पुलिस लाइन का रास्ता देखना पड़ा। पुलिस अधीक्षक को चाहिए कि यातायात विभाग की समीक्षा करें और आवश्यकता अनुरूप परिवर्तन करें और शिकायतों की जांच करें वही आकस्मिक दौरा कर इनके खिलाफ एक्शन ले तभी व्यवस्था में सुधार आ सकता है अन्यथा इनकी आदत को कोई नहीं बदल सकता।

## चुभने लगी धूप, अस्त-व्यस्त होने लगा जन जीवन

# सूर्य रौद्र, पारा पहुंचा सातवें आसमान पर

अनूपपुर।

अभी नौतपा शुरू भी नही हुआ है लेकिन उसके पूर्व ही सूर्य की गर्मी से लोग खासे परेशान है। नौतपा शुरू होने से पहले ही शहर का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। बढ़ती गर्मी के कारण इन दिनों सड़को पर जहां सन्नाटा पसरा हुआ है वहीं इस लू भरी गर्मी से बचने के लिये चिकित्सक भी सलाह दे रहे है।

इस भीषण गर्मी से जहां दिन में लोग बेचैन रहे, वहीं देर रात तक गर्म हवाओं के चलने से राहत नहीं मिली। इस दौरान भगवान भास्कर अपने पूरे प्रचंड वेग के साथ ऊष्मा बिखेर रहे है तथा गर्मी पहले से ज्यादा बढ़ गई है। वैसे भी इस वर्ष सूर्य की तपन एवं मौसम की उमस पूरी शबाब पर है। गर्मी के कारण सड़को मे 10 बजे के बाद वे ही लोग दिखाई देते है जिन्हे अत्यधिक जरूरी काम से कहीं आना जाना पड़ता है बाकी लोग ऐसे मौके पर बाहर निकलने से बचते नजर आते है।

### गर्मी ने दिखाया रौद्र रूप

सुबह से ही गर्मी जो अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू करती है तो शाम तक जारी रहती है वहीं दिन डूबने के बाद भी गर्मी में किसी तरह की राहत नही मिलती। बढ़ती गर्मी में खासकर फुटकर व्यापारी वर्ग एवं खुले आसमान के नीचे काम करने वाले श्रमिक वर्ग सब्जी विक्रेताओं ठेला व्यापारियों के सामने नई मुसीबत खड़ी कर दी है। भीषण गर्मी के बीच बेचारे इन व्यापारियों को छाता, पन्नी चादर लगा किसी तरह व्यापार करते देखा जाता है। लगातार अपने तीखे तेवर दिखा रही



गर्मी ने क्षेत्रीय रहवासियों को घर से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है हालात ये है कि इन दिन में तेज धूप झुलसा देने वाली साबित हो रही है। जरा सी देर धूप में रहने पर पसीना छूटने के साथ ही प्यास लगने लग जाती है।

### निकलने लगे कूलर, एसी

गर्मी इन दिनों परवान पर है। दिन के साथ रात की तापमान भी बढ़ने लगा है, जिसके कारण पंखे बेअसर होने लगे है। लोगो को कूलर का सहारा लेने की तैयारी करने लगे है। सुबह दिन निकलने के साथ सूरज की तेज किरण पड़ने लगती है। गांवो से आने वाले लोग भी अपने कामकाज निपटाने के बाद पार्को में छाया की तलाश में रहते है ऐसे में सड़के सूनी और पार्क लोगो की भीड़ से आबाद है। शाम को धूप मे तेजी कम होने पर लोग जरूरी कामो से बाहर निकलते है। वहीं आसपास के गांवो से खरीदारी के लिये आए लोग शाम को ही अपने घरो को लौटते है। इस बढ़ी हुई गर्मी को देखकर प्रशासन व चिकित्सक ने भी गर्मी से बचने के कई उपाय बताये व सलाह भी दी जिससे लोग गर्मी से बच सके। वहीं चिकित्सक भी लू भरी गर्मी से बचने के लिये अपने आपको कपड़ो से ढंककर निकलने की सलाह दी।

# वायरल ऑडियो की जांच के बाद संभागायुक्त ने प्राचार्य को किया निलंबित

अनूपपुर।

शिष्यवृत्ति की राशि जारी करने के एवज में अनाधिकृत राशि के लेन-देन एवं गुणवत्ता विहीन भोजन दिए जाने के संबंध में समाचार पत्रों, न्यूज चैनल में प्रसारित खबर एवं वायरल ऑडियो पर वस्तुस्थिति संज्ञान में आते ही अनूपपुर जिले के कोतमा कन्या शिक्षा परिसर के प्राचार्य, सुभाष चन्द्र वर्मा को गुरूवार को शहडोल संभागायुक्त बीएस जामोद ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

निलंबन अवधि में सुभाष चन्द्र वर्मा (मूलपद उच्च माध्यमिक शिक्षक) प्राचार्य, कन्या शिक्षा परिसर कोतमा जिला अनूपपुर का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। जारी आदेश में




कहा गया है कि शासकीय कन्या शिक्षा परिसर कोतमा, जिला अनूपपुर के प्राचार्य सुभाषचन्द्र वर्मा, तथा प्रभा मरावी अधीक्षिका कन्या शिक्षा परिसर कोतमा के बीच शिष्यवृत्ति की राशि जारी करने के एवज में अनाधिकृत राशि के लेन-देन एवं गुणवत्ता विहीन भोजन दिए जाने के संबंध में समाचार पत्रों, न्यूज में प्रसारित खबर एवं वायरल ऑडियों के माध्यम से उक्त वस्तुस्थिति संज्ञान में आते ही प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए उक्त तथ्यों की जांच हेतु त्रिसदस्यीय समिति गठित कर प्रारम्भिक जांच कराई गई। गठित समिति द्वारा प्रारम्भिक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें अधीक्षिका द्वारा ऑडियो की पुष्टि करते हुए प्राचार्य द्वारा पच्चीस हजार रुपये प्रतिमाह दिये जाने की मांग स्वीकार की है, जिसके लिए प्रथम दृष्टया प्राचार्य, कन्या शिक्षा परिसर कोतमा जिला अनूपपुर सुभाष चन्द्र वर्मा को दोषी पाया गया जिस पर म०प्र० सिविल सेवा (आचरण) नियम-1965 के नियम 3 के अन्तर्गत कदाचरण की श्रेणी में आने के कारण म०प्र० सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।